GPS Map Camera
Google
Shahbad, Haryana, India
120, Barara Rd, Subhash Nagar, Shahbad, Haryana 136135, India
Lat 30.172365°
Long 76.865789°
04/09/23 10:57 AM GMT +05:30

GPS Map Camera
Shahbad, Haryana, India
120, Barara Rd, Subhash Nagar, Shahbad, Haryana 136135, India
Lat 30.172392°
Long 76.865795°
04/09/23 09:56 AM GMT +05:30
Google

आर्य कन्या महाविद्यालय में एथलेटिक्स टीम के लिए ट्रायलस का हुआ आयोजन

शाहाबाद में आर्य कन्या महाविद्यालय में एथलेटिक्स टीम के चुने गए खिलाड़ी प्राचार्या एवं स्वास्थ्य एवं शारीरिक विभाग अध्यक्ष के साथ। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 4 सितंबर (मदन) : आर्य कन्या महाविद्यालय में एथलेटिक्स टीम के लिए ट्रायलस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने ट्रायल में भाग लेने वाली सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

स्वास्थ्य एवं शारीरिक विभागाध्यक्षा डा. सोनिया मलिक ने छात्राओं को खेलों का महत्त्व व उद्देश्य बताते हुए खेलों के नियमों से भी अवगत कराया। ट्रायलस में विभिन्न खेलों जैसे रेस (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर), लॉन्ग जंप, शॉट पुट व डिस्कस थ्रो का आयोजन किया गया।

इन ट्रायलस में महाविद्यालय की 100 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें लॉन्ग जंप में महक रानी, निकिता, रितिका, नेहा, मुस्कान देवी, प्रियंका, शॉट पुट में नेहा, गुरप्रीत, प्रियंका, पायल, मुस्कान व डिस्कस थ्रो में रितिका, 1500 मीटर रेस में प्रिंसी एवं महक तथा 100 मीटर रेस में मुस्कान, रितिका, रितिका एवं नेहा का चयन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की खेल समिति, खेल कोच गुरनाम सिंह, संजुल गुप्ता, राजिन्द्र कौर मौजूद थे।

शाहाबाद : एथलैटिक्स टीम के लिए चयनित हुई छात्राओं के साथ प्राचार्या व अन्य। (छाया : विजय कुमार)

एथलैटिक्स टीम के लिए ट्रायल्स आयोजित

शाहाबाद मारकंडा, 4 सितंबर (विजय कुमार): सोमवार को आर्य कन्या महाविद्यालय में एथलेटिक्स टीम के लिए ट्रायल्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ट्रायल्स में भाग लेने वाली सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। स्वास्थ्य एवं शारीरिक विभाग की अध्यक्षा डॉ. सोनिया मलिक ने छात्राओं को खेलों का महत्व व उद्देश्य बताते हुए खेलों के नियमों से अवगत करवाया। इन खेलों में रेस, लांग जंप, शॉट पुट व डिस्कस थ्रो का आयोजन किया गया, जिसमें 100 छात्राओं ने भाग लिया। एथलेटिक्स ट्रायल्स में महक रानी, निकिता, रितिका, नेहा, मुस्कान, प्रियंका, नेहा, गुरप्रीत, प्रियंका, पायल और मुस्कान का चयन हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय की खेल समिति, खेल कोच गुरनाम सिंह के साथ-साथ संजुल गुप्ता व राजेंद्र कौर उपस्थित रहे।